## संक्षिप्त

### कपिल राजोरिया अध्यक्ष मनोनीत

**दौसा** (निसं.)। डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी के जिलाध्यक्ष भगवान वर्मा अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुये तहसील अध्यक्षों का मनोनयन किया है। इधर दौसा तहसील का अध्यक्ष व्यवसाई कपिल राजोरिया को मनोनीत किया है। जिला अध्यक्ष भगवान वर्मा ने बताया कि केन्द्रीय नेतृत्व में निर्देश पर दौसा जिले की विभिभ्न तहसील अध्यक्षों की नियुक्तियां की गई है। उन्होने बताया कि दौसा तहसील का अध्यक्ष कपिल राजोरिया, सिकराय अध्यक्ष मदन जारवाल, महुवा अध्यक्ष गंगासहाय बैरवा, मंडावर अध्यक्ष पूरणमल बैरवा, गुड़ाकटला अध्यक्ष सीताराम बड़गुर्जर, लालसोट अध्यक्ष राम मनोहर बैरवा, बांदीकुई अध्यक्ष सोमोती लाल वैरवा, रामगढ़ पचवारा अध्यक्ष राहुल बैरवा, निरर्झना अध्यक्ष राजेश बैरवा श्यामपुरा, भांडारेज अध्यक्ष रामजी लाल खटीक, सैंथल अध्यक्ष अध्यक्ष राम खिलाडी बैरवा, बैरावउंडा अध्यक्ष जगदीश बैरवा, लवाण अध्यक्ष विनोद पिंगोलिया तथा राहुवास तहसील का अध्यक्ष हरसहाय बैरवा को मनोनीत किया है। उन्होने सभी तहसील अध्यक्षों को 15 दिवस में कार्यकारिणी गठन के निर्देश दिये है।

### विश्व नवकार महामंत्र दिवस आज

**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में श्री चन्द्र प्रभु दिगम्बर जैन मंदिर बंपुई वालों का चैत्यालय सहित शहर के सभी जैन मन्दिरों में विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया जाएगा। जिसमें श्रद्धालु नवकार महामंत्र का जाप करेंगे। जैन समाज के प्रवक्ता सुनील भाणजा व विमल जौंला ने बताया कि विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आचार्य इन्द्रनन्दी महाराज संघ के सानिध्य में बंपुई वालों के चेत्यालय सहित सभी जैन मंदिरों में संगीतमय नवकार महामंत्र का जाप किया जाएगा। हितेश छाबडा ने बताया कि विश्व नवकार दिवस में आत्म शुद्धि व समता का पावन संदेश दिया जाएगा। जिसमें विश्व कल्याण के लिए सम्पूर्ण देश में नवकार महामंत्र के जाप किए जाएंगे।

### रविन्द्र शर्मा बने सहायक महाप्रबंधक

**दौसा** (निसं.)। दौसा निवासी रविन्द्र कुमार शर्मा बैंक ऑफ बडौदा में सहायक महाप्रबंधक पद पर पदोन्नत हुये हैं। शर्मा के पिता डॉ. दिनेश चन्द्र मिश्रा सरस जयपुर डेयरी के प्रबंध संचालक के पद से हुये है। रविन्द्र कुमार शर्मा वर्तमान में बैंक ऑफ बडौदा के मुम्बई स्थित कार्यालय में आई.टी. विभाग में पदस्थापित है। शर्मा की स्कूली शिक्षा आदर्श विद्या मंदिर एवं श्री रामकरणा जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा से हुई है।

### निर्मला जोशी अध्यक्ष मनोनीत

**दौसा** (निसं.)। सर्व समाज महिला विकास समिति जिला दौसा की ज़िला अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए निर्मला जोशी को सर्व समाज महिला विकास समिति जिला का कार्यकारी जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। निर्मला जोशी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किये जाने पर कल्पना साह करूणा गौतम, संदीपा शर्मा, रेखा साहु, सुमित्रा घोसी, शशी जोशी, सन्तोष कंवर, कलावती गुप्ता, विनिता लानी, पदमा तिवाड़ी, उर्मिला गुप्ता, मंजु जाटव ने जिला अध्यक्ष उर्मिला जोशी का आभार व्यक्त किया है।

### विधिक जागरूकता कार्यक्रम हुआ

**दौसा** (निसं.)। महिला अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित पन्नाधाय सुरक्षा एवं सम्मान केंद्र, वन स्टॉप सेंटर तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को स्थानीय आनंद शर्मा स्कूल में बालिकाओं की सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। महिला अधिकारिता विभाग के उप निदेशक युगल किशोर मीना ने बताया कि कार्यक्रम में बालिकाओं को डिजिटल सुरक्षा, बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव तथा सुरक्षा से संबंधित प्रमुख कानूनों की जानकारी दी गई। साथ ही आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 1098, 112, 1090 एवं 181 तथा महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र एवं सखी वन स्टॉप सेंटर की सेवाओं के बारे में भी विस्तार से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के साथ प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई और जागरूकता के लिए एक नाटक भी प्रस्तुत किया गया।

# 'अनामांकित व विद्यालय प्रवेश योग्य आयु के सभी बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़े'

**निवाई।** ग्राम पंचायत सैदरिया एवं श्रीरामपुरा के विद्यालयों में प्रवेशोत्सव के द्वितीय चरण के तहत संचालित डोर टू डोर सर्वे कार्यक्रम का अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना भदौरिया ने सघन निरीक्षण किया गया।

इस दौरान उन्होंने दोनों पंचायतों का दौरा कर विद्यालय में संचालित

- **प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का निरीक्षण किया**

गतिविधियों के कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना भदौरिया ने ग्रामीणों से सीधा संपर्क करके प्रवेशोत्सव कार्यक्रम की प्रगति के बारे में जानकारी ली। उन्होंने सर्वे दल को निर्देशित करते हुए क्षेत्र के अनामांकित एवं विद्यालय प्रवेश योग्य आयु के सभी बच्चों को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोडने एवं विद्यालय में प्रवेश दिलाने हेतु निर्देशित किया।

इसी के साथ उन्होंने ग्रामीणों व अभिभावकों को भी बच्चों को शिक्षा से जोडने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने ग्रामीणों को विद्यालय एवं शिक्षा से संबंधित विभिन्न सरकारी लाभकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। जिससे अधिक से अधिक छात्र इनका लाभ उठा सकें।



अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी मीना भदौरिया ने निवाई के गांव सैदरिया में ग्रामीणों से चर्चा की।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**पावटा।** जिले में अवैध खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रागपुरा पुलिस एवं माइनिंग विभाग ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। कार्रवाई के दौरान बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली बजरी से भरा हुआ जब्त किया गया, जबकि एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक कोटपूतली-बहरोड़ सतवीर सिंह ने बताया कि जिले में अवैध खनन के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अभियान को प्रभावी बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व अधिकारियों के निर्देशन में वृताधिकारी विराटनगर उमेश कुमार निठारवाल तथा थानाधिकारी प्रागपुरा भजनाराम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम में प्रागपुरा थानाधिकारी भजनाराम, कांस्टेबल रामानंद, कांस्टेबल अशोक कुमार, कांस्टेबल भीवाराम एवं माइनिंग विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक बिना नंबर का ट्रैक्टर-ट्रॉली मय बजरी जब्त किया। इस दौरान आरोपी सुरेन्द्र पुत्र मालाराम गुर्जर निवासी भूरी भड़ाज को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ एमएमडीआर एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### 21 कुंडीय रुद्र महायज्ञ 3 से

**पावटा।** क्षेत्र के धार्मिक वातावरण को भक्तिमय बनाने के उद्देश्य से बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर महंत जयराम दास त्यागी के सान्निध्य में 21 कुंडीय रुद्र महायज्ञ एवं शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन 3 मई 2026 से बाबा भूतनाथ जोहड़ा धाम मंदिर पावटा में किया जाएगा। जानकारी देते हुए बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर महंत जयराम दास त्यागी, कमेटी संरक्षक दिनेश शर्मा, रामोतार शर्मा, मामराज शर्मा, अध्यक्ष विकास शर्मा सहित पदाधिकारियों ने बताया कि इस आयोजन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। इस भव्य आयोजन को सत्ताईशा ठााम जनता पावटा के सहयोग से करवाया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 2 मई 2026 को 2100 महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, ज्यों केशव सागर धर्मशाला से प्रारंभ होकर नगर भ्रमण करते हुए बाबा भूतनाथ मंदिर पावटा तक पहुंचेगी। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, वही सुबह से 1 बजे तक यज्ञ जिसमें प्रधान कुंड की राशि 51000 रखी गई है व बाकी कुंडो की प्रति जोड़े राशि 21000 रुपए रहेगी और सभी सुविधाएं यज्ञ समिति द्वारा प्रदान की जाएगी। 2 बजे से शाम 6 बजे तक शिव महापुराण कथा का आयोजन होगा। जिसमें कथा वाचक डॉ. राम महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जाएगा। कार्यक्रम समापन पर भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# 'एसडीएम व तहसीलदार जनता की शिकायतों का समय पर समाधान करें'

**कोटपूतली।** जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने बुधवार को राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर लंबित राजस्व मामलों, नामांतरण, सीमांकन और अतिक्रमण हटाने के कार्यों को मिशन मोड पर समयबद्ध व पारदर्शी तरीके से निपटाने के निर्देश दिये एवं ऑनलाईन पोर्टलों पर डेटा अपडेट रखने, अतिक्रमणों पर कार्यवाही व सरकारी भूमि की सुरक्षा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि संपर्क पोर्टल के प्रकरणों को गंभीरता से लें एवं गुणवत्ता के साथ निस्तारण करते हुये गुड गवर्नेंस के तहत आमजन को राहत पहुंचायें। संवेदनशीलता के साथ आमजन के बिजली, पेयजल, सड़क आदि के प्रकरणों को सुन संतुष्टपूर्ण निस्तारण करें एवं मुख्यमंत्री जनसुनवाई प्रकोष्ठ, संपर्क पोर्टल, जनसुनवाई व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुये यथाशीघ्र प्राथमिकता से निवारण करें एवं सहायता के प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि निस्तारित परिवादों में संतुष्टि एवं गुणवत्ता जांचने हेतु रेंडम परिवादियों से व्यक्तिगत संपर्क करें।

**राजस्व के लम्बित प्रकरण निपटाने के दिये निर्देश :** कलक्टर ने निर्देशित किया कि जिले में राजस्व अधिकारी अतिक्रमणों के प्रकरणों को प्राथमिकता से लेते हुये नियमानुसार कार्यवाही कर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि



जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए ।

- **कलक्टर अपर्णा गुप्ता ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक**

राजकीय कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी उपखण्ड अधिकारी अपने दायित्वों का पालन करते हुये अपने क्षेत्र में संचालित समस्त गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग करें। म्यूटेशन, रास्ते, विरासत के प्रकरणों की मॉनिटरिंग करें एवं सीमाज्ञान व पत्थरगढ़ी के मामलों में दोनों पक्षों को सुनकर ही संवेदनशीलता से कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि लंबित प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये स्थानीय स्तर पर ही निपटाये, जिससे कि परिवादी को कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़े। निर्देशित किया कि पत्राचार ई-डाक के माध्यम से करें जिससे कि कार्य शीघ्र और सुगम तरीके से हो सके। विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा : बैठक के दौरान उन्होंने संपरिवर्तन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति, गैर खातेदारी प्रकरण, 90 ए, आरओडब्लयू पोर्टल, लंबित नामांतरण, सीपी ठााम पोर्टल, शहरी विकास, लॉ एंड ऑर्डर, अवैध खनन की प्रभावी मॉनिटरिंग, मासिक सारांश रिपोर्ट, राजस्व सहित न्यायालयों व अदालतों के लंबित प्रकरण, एलआर/पीडीआर एक्ट प्रकरण, जीएलएमएसी से संबंधित प्रकरण, जीसीएमएस पोर्टल, सहायता संबंधित बकाया प्रकरण, सड़क सुरक्षा, गिरदावरी, अतिक्रमण, राजस्व वसूली के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने अपने अधीनस्थ व विभागीय कार्यालयों के समय-समय पर निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने एवं रिपोर्ट भिजवाने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त तहसीलदारों को एलआर सैक्शन से समन्वय करते हुये लंबित प्रकरण निपटाने व पोर्टल पर जानकारी अपडेट करने को कहा।

# ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती का विरोध

**दौसा** (निसं.)। राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के एक प्रतिनिधि मंडल ने बुधवार को मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी को अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा के नाम एक ज्ञापन सौंपकर ग्रीष्मकालीन अवकाश में कटौती निरस्त करने एवं भीषण गर्मी में विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग की है।जिला अध्यक्ष कजोड़ मीणा ने बताया कि प्रदेश में ठाीष्मकालीन अवकाश में 10 दिन की कटौती और संस्था प्रधान के विवेकाधीन अवकाश में एक दिन की कमी करना तर्कसंगत नहीं है। राजस्थान की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जून माह में तापमान 50 डिठाी सेल्सियस तक पहुंच जाता है ऐसी भीषण गर्मी में न तो विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था है और न हीं विद्यार्थियों के बैठने हेतु पर्याप्त छाया ठंडक का प्रबंध है इन परिस्थितियों में जून माह में विद्यालयों का संचालन करना विद्यार्थियों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ होगा। इसलिए ठाीष्मकालीन अवकाश में कटौती के निर्णय को वापस लेकर पूर्ववत ठाीष्मकालीन अवकाश लागू किया जाए।

पोषाहार और ट्रांसपोर्ट वाउचर का बकाया भुगतान किया जाए, सभी विद्यालयों में पर्याप्त स्टाफ बिजली पानी और कमरों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाए, जिससे विद्यार्थियों को गुणात्मक शिक्षा प्रदान की जाए तथा विद्यालयों की मूलभूत समस्याओं का समाधान हो। इस अवसर पर फैली राम मीणा, रामकिशोर मीणा, सत्य नारायण सेन, शब्बीर खान, सत्य नारायण शर्मा, राजेंद्र कुमार, मलखान, घमंडी आदि मौजूद रहे।

## दौसा जिला स्थापना दिवस दस को

**दौसा** (निसं.)। दौसा जिला स्थापना दिवस समारोह का आयोजन 10 अप्रैल को पूरे उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया जाएगा। जिला मुख्यालय पर खेल प्रतियोगिताओं, मेले एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बुधवार को जिला कलक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक कर समारोह की तैयारियों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बिरदी चंद गंगवाल ने बताया कि जिला स्थापना दिवस कार्यक्रमों के तहत 9 अप्रैल को सायं 4:30 बजे भवानी क्लब मैदान में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जाएगा। वहीं 10 अप्रैल को प्रात: 8 बजे जिला परिषद, जिला कलक्ट्रेट, नेहरू गार्डन, टाउन हॉल एवं श्री आरके जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दौसा में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित होगी। इसके पश्चात प्रात: 11 बजे लालसोट रोड स्थित नेहरू गार्डन में मेले का उद्घाटन किया जाएगा तथा रस्साकस्सी एवं चम्मच दौड़ जैसी खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। स्थापना दिवस का मुख्य आकर्षण 10 अप्रैल को सायं 7 बजे कैप्टन श्री छुट्टनलाल मीणा टाउन हॉल में आयोजित होने वाला भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम रहेगा। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं जैसे

- **मेला और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का होगा आयोजन**
- **9 अप्रैल को सायं 4:30 बजे भवानी क्लब मैदान में फुटबॉल मैच होगा**

कार्यक्रम स्थल, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली, सुरक्षा, यातायात एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए आयोजन को सफल बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जिला स्थापना दिवस का आयोजन गरिमापूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से किया जाए, जिससे आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने अधिकारियों को सौंपे गए दायित्वों का समयबद्ध रूप से निर्वहन करने के निर्देश भी दिए। जिला प्रशासन ने समस्त जिलेवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन कार्यक्रमों में भाग लेकर स्थापना दिवस समारोह को सफल एवं यादगार बनाएं। बैठक में दौसा उपखंड अधिकारी संजू मीणा, नगर परिषद आयुक्त कमलेश कुमार मीणा एवं दौसा पुलिस उपाधीक्षक धर्मेंद्र शर्मा सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## भरतपुर में बारिश-ओलावृष्टि से फसल में तबाही, मुआवजे की मांग



फसल खराबी को लेकर जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा।

**भरतपुर** (निस)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिनेश सूपा के निर्देशानुसार जिले के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिले में फसल खराबी को लेकर जिला कलेक्टर के नाम अतिरिक्त जिला कलेक्टर घनश्याम शर्मा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन से पूर्व उक्त मुद्दे को लेकर उपस्थित पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कांग्रेस संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने कहा कि गत दिनों में भरतपुर जिले में भारी मात्रा में बारिश होने तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होने की वजह से जिले के किसानों की फसल बिल्कुल चौपट हो चुकी है। किसानों की खड़ी हुई तथा काट कर खेतों में रखी हुई फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। ज्ञात रहे इस वर्ष सरकार एवं प्रशासनिक लापरवाहियों की वजह से किसानों को खाद एवं यूरिया लेने के लिए रात-रात भर क्रय विक्रय

- **गत दिनों में भरतपुर जिले में भारी मात्रा में बारिश होने तथा कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी होने की वजह से जिले के किसानों की फसल बिल्कुल चौपट हो चुकी है।**

समितियां के सामने लाइन में लगे रहना पड़ा था तथा इस वर्ष खाद की कालाबाजारी होने से तथा कृषि उपकरण भी महंगे होने की वजह से किसानो की फसल की लागत भी काफी बढ़ चुकी है। ऐसी स्थिति में भारी बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल की उत्पादकता एवं गुणवत्ता पर विपरीत असर पड़ा है तथा किसान भाइयों की साल भर की मेहनत पर पानी फिर गया है। एडीएम प्रशासन घनश्याम शर्मा को ज्ञापन देते समय बताया कि बयाना तथा रूपवास क्षेत्र में महमदपुर, संतोकपुरा, जरेला, दौरदा, कांधोली, वोकोली, रुदावल, सिंघावली, रसीलपुर, दाहिना, कंजौली, नयागांव, देवरी, नदबई,करीली, ऊंच सहित वैर विधानसभा के अनेकों गांव में ओलावृष्टि एवं अतिवृष्टि की वजह से फसलों को भारी क्षित हुई है। प्रतिनिधि मंडल ने जिला कलेक्टर से मानवीय संवेदनाएं बरतते हुए तुरन्त पारदर्शितापूर्ण गिरदावरी कराते हुए किसानों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। प्रतिनिधि मंडल में श्रीभगवान कटारा, रामेश्वर सैनी,दयाचंद पचौरी, नवल पाराशर, हरिमोहन शर्मा, भारत गादोली, प्रेमचंद शर्मा, प्रेमसिंह प्रजापत, हंसराम गुर्जर आदि शामिल थे।

## सार-समाचार

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

**दौसा** (निसं.)। कालोता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) पर चिकित्सक और स्टाफ की अनुपस्थिति को लेकर बार-बार हो रही थी। इन शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीताराम मीणा व ब्लांक (सीएमएचओ) डॉ. कपिल मीणा, डॉ बाबूलाल मीणा, डा प्रकाश मीणा, भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद ने कालोता सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक डॉ. लोकेश कुमार मीणा मौके पर मीले और एक हेल्पर अनुपस्थित पाए गए, साथ ही अस्पताल में गंदगी का अंबार देखने को मिला। साथ ही स्वास्थ्य केन्द्र पर कई अन्य खामियां मिली। डॉ. मीणा ने सभी को समय पर आने के लिए पाबंद किया, साथ ही सभी खामियों को दूर करने के निर्देश दिए। सीएमएचओ सीताराम मीणा ने बताया कि अनुपस्थित स्टाफ को विभागीय कार्रवाई के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मीणा ने सभी स्टाफ को समय पर उपस्थित होने के सख्त निर्देश दिए और सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक के निर्धारित समय की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही स्टाफ को नियमित रूप से सही यूनिफॉर्म में आने की हिदायत दी।इस दौरान भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर,सुगन मीणा,पवन कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### ऋणी किसान के परिवार को मिला सहारा

**दौसा** (निसं.)। राज सहकार व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा योजना से जिले के एक ऋणी किसान के परिवार को सहारा मिला। जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा ने जिला कलक्ट्रेट में ठााम छारेड़ा निवासी स्व. छोटूराम मीना की पत्नी रामबाई देवी को 10 लाख रुपए की सहायता राशि का चैक प्रदान किया। दौसा केन्द्रीय सहकारी बैंक के प्रबंध निदेशक रोहित सिंह ने बताया कि इस योजना के तहत दुर्घटना में मृत्यु होने पर ऋणी किसान के परिवार को 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उन्होंने यह भी बताया कि अल्पकालीन फसली ऋण लेने वाले सभी पात्र किसानों का इस योजना में अनिवार्य रूप से बीमा किया जाता है, ताकि किसी भी दुर्घटना की स्थिति में उनके परिवार को आर्थिक मदद मिल सके। यह योजना जरूरत के समय परिवारों के लिए बड़ा सहारा बन रही है।

### ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण 9 से

**दौसा** (निसं.)। जिला कलेक्ट्रेट परिसर स्थित यूको ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आयोजित होने वाले महिला ब्यूटी पार्लर के 35 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए 9 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू होगी। संस्थान निदेशक नन्द लाल मीना ने बताया कि 18 से 50 वर्ष आयु वाले दौसा जिले के मूल निवासी स्वरोजगार करने के इच्छुक बीपीएल, एसईसीसी, स्वयं सहायता समूह, खाद्य सुरक्षा राशनकार्ड लाभार्थी इसमें भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि इच्छुक पुरूष-महिला अभ्यर्थी अपना आधार कार्ड, राशन कार्ड, पहचान पत्रा, जन आधार कार्ड, अंकतालिका, बैंक पासबुक एवं 4 फोटो के साथ संस्थान में 9 अप्रैल से व्यक्तिश: उपस्थित होकर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय फोन नं. 01427-294117 तथा 8005656615 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रशिक्षण में चयनित अभ्यर्थियों को दक्ष प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा तथा प्रशिक्षण समाप्ति पर संस्थान द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किये जाएंगे। बैंक ऋण के लिए सम्बन्धित बैंको को ऋण आवेदन पत्र भेजे जाएंगे। साथ ही, प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को नि:शुल्क चाय, नाश्ता, भोजन, यूनिफॉर्म एवं आवासीय सुविधा इत्यादि प्रदान की जाएगी।

### रिक्त सीटों पर 15 तक आवेदन

**दौसा** (निसं.)। सिविल लाइन स्थित पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दौसा में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए ऑफलाइन पंजीकरण की प्रक्रिया 15 अप्रैल तक जारी रहेगी। विद्यालय के प्राचार्य लेखराम सैनी ने बताया कि इन सीटों पर प्रवेश केवल केंद्र सरकार के कर्मचारियों के बच्चों को ही दिया जाएगा, जो सीबीएसई बोर्ड से अध्ययनरत हों। प्रवेश प्रक्रिया केन्द्रीय विद्यालय संगठन के निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही पूरी की जाएगी। इच्छुक अभिभावक विद्यालय से कार्यालय समय में ऑफलाइन आवेदन फॉर्म प्राप्त कर आवश्यक दस्तावेजों सहित निर्धारित तिथि तक जमा कर सकते हैं।

### अवैध देशी कट्टा मय जिंदा कारतूस सहित आरोपी गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। भीमगंजमंडी पुलिस टीम ने इलाके में गश्त के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध देशी कट्टा मय एक जिंदा कारतूस सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। भीमगंजमंडी थानाधिकारी रामकिशन गोदारा ने बताया कि अवैध हथियारों के खिलाफ उच्च अधिकारियों के निर्देश पर अभियान चलाया जा रहा है। थानाधिकारी ने बताया कि थाने के सहायक उप निरीक्षक जनकराम मय जाप्ता इलाके में गश्त के दौरान देशराज चौराहे से आगे पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस जाप्ता व गाड़ी को देखकर तेज-तेज कदमों से माला रोड की ओर जाने लगा, पुलिस टीम ने संदेह होने पर उस पैदल जा रहे व्यक्ति को रोका और मौके पर डिटेन कर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस टीम ने मौके पर आर्म्स एक्ट में कार्यवाही करते हुए नेहरू नगर भीमगंजमंडी निवासी मोहम्मद इमरान उर्फ गोलू (31) को गिरफ्तार किया, पकड़ा गया आरोपी थाने का हिस्ट्रीशीटर भी है, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

### पिकअप असंतुलित होकर पलटी

**कोटा,** (निसं)। हैदाराबाद से इन्द्रगढ़ की ओर जाते समय कोटा-झालावाड़ नेशनल हाइवे 52 पर मंडाना थाना क्षेत्र में पिकअप गाड़ी के असंतुलित होकर पलट जाने का मामला सामने आया है, हादसे में पिकअप में सवार सात लोग घायल हो गये जिसमें महिलाएं बच्चे व युवक शमिल है। हादसे में घायलो को उपचार के लिये अस्पताल मे भेजा गया। मंडाना थानाधिकारी ने बताया कि गोपालपुरा हाईवे पर एक पिकअप वाहन के असंतुलित होकर पलटने की सूचना मिली, जिस पर पुलिस टीम को मौके पर भेजा गया, हादसे में 5-7 लोग घायल हो गये, पिकअप पलटा खाने का कोई कारण सामने नही आया है। वही मंडाना थाने के कांस्टेबल इस्लाम मोहम्मद ने बताया कि पिकअप में सवार लोग जिला बूंदी के इन्द्रगढ़ क्षेत्र के निवासी थे, जो हैदाराबाद से मजदूरी करके वापस घर को लौट रहे थे, इनके साथ कुछ ओर गाड़ियां भी थी। कांस्टेबल ने बताया कि गोपालपुरा हाईवे पर सिंहपुरा नयारोड के समीप पिकअप असंतुलित होकर पलट गई हादसे में घायल महिला, बच्चे व युवको को उपचार के लिये अस्पताल भिजवाया गया।

### संगीता मूदडा व शिल्पा सोमानी जिलाध्यक्ष व जिला सचिव बनी

**बूंदी** (निसं)। जिला माहेश्वरी महिला संगठन के आगामी त्रैमासिक सत्र 2026-29 के लिऐ चुनाव निर्वाचन अधिकारी अनिता लाठी व पर्यवेक्षक उमिला नुवाल के निर्देशन में सम्पन्न हुए । इसमे सर्व सम्मति से दुबारा संगीता मुंदडा के जिलाध्यक्ष व शिल्पा सोमानी को जिला सन्चिव चुना गया। प्रदेश कोषाध्यक्ष किरण लखोरिया व कविता जाजू की विशेष उपस्थिति रही। चयन प्रकिया में केशवरायपाटन, हिण्डोली की सदस्यों की उपस्थिति भी रही। मधु बहेडिया, पुष्पा बिरला, संतोष दाखेड़ा, सपना मंत्री, लाइ लड्डा , रितु भूतडा, गायत्री लाठी, उषा तोषनीवाल, रितु फलोड , भावना धुप्पड , लक्ष्मी तोतला, कविता झंवर, रेणु बहेडिया, नीलम लखोटीया, भारती मालू, अनुमा मण्डोवरा, पूनम काबरा, मोना लाठी, रानू फलोड ,रेणु बाहेती, पूजा जाजू आदि 50 महिलाओं की उपस्थिति रही।

### मंडी मे किसान की संदिग्ध मौत

**कोटा,** (निसं)। अनंतपुरा थाना इलाके मे स्थित भामाशाह मंडी में गेंहु बेचने आये किसान की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को झाड़आमली गांव से किसान भामाशाह मंडी में गेहुं बेचने के लिये आया था और मंडी के यार्ड में नीलामी में खड़ा था, कि अचानक किसान हंसराज अचेत होकर गिर गया जिसे वहां मौजूद लोगों ने उपचार के लिये अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अनंतपुरा थाने के एएसआई घमंडी लाल ने बताया कि झाडआमली गांव का निवासी किसान हंसराज बैष्णव गांव से भमाशाहमंडी में गेंहु बेचने आया था, मृतक के बेटे ने रिपोर्ट दी उसके पिता घर से मंडी के लिये निकले थे, मंडी में अचेत होकर गिर गये।